अनुक्रमांक | | | | | |

**A**

APS (1104) Political

# वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24

## कक्षा — 11

## विषय — राजनीति विज्ञान

**समय : 3¼ घंटे** **पूर्णांक : 100**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश**

**1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।**

**2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न—**

1. भारतीय संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे— 1
   (अ) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (ब) सच्चिदानन्द सिन्हा
   (स) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (द) एस. राधाकृष्णन् ( )

2. वे कौनसे अधिकार हैं, जिनका हनन होने पर व्यक्ति न्यायपालिका की शरण ले सकता है? 1
   (अ) औपचारिक अधिकार (ब) कानूनी अधिकार
   (स) मौलिक अधिकार (द) प्राकृतिक अधिकार ( )

3. भारतीय संविधान का कौनसा अनुच्छेद 'संवैधानिक उपचारों अधिकार' से सम्बन्धित है? 1
   (अ) अनु. 31 (ब) अनु. 32
   (स) अनु. 33 (द) अनु. 34 ( )

4. राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल कितने वर्ष होता है? 1
   (अ) 4 वर्ष (ब) 3 वर्ष
   (स) 5 वर्ष (द) 6 वर्ष ( )

5. सामूहिक रूप से मंत्रीपरिषद किसके प्रति उत्तरदायी होती है? 1
   (अ) राष्ट्रपति (ब) लोकसभा
   (स) प्रधानमंत्री (द) राज्य सभा ( )

6. संसद द्वारा कार्यपालिका को उत्तरदायी बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है— 1
   (अ) शून्यकाल (ब) अविश्वास प्रस्ताव
   (स) दलबदल (द) विधेयक ( )

7. सरकार का वह अंग जो कानूनों की व्याख्या करता है— 1
   (अ) व्यवस्थापिका (ब) कार्यपालिका
   (स) न्यायपालिका (द) नौकरशाही ( )

8. निम्न में से राष्ट्रीय महत्त्व का विषय जो संघ सूची में शामिल है— 1
   (अ) प्रतिरक्षा (ब) कृषि
   (स) स्थानीय प्रशासन (द) भूमि ( )

P.T.O.

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

9. ग्राम पंचायत का मुखिया कौन होता है? 1
(अ) प्रधान (ब) सरपंच
(स) जिला प्रमुख (द) ग्राम सचिव ( )

10. भारतीय संविधान को एक 'जीवन्त दस्तावेज' कहा जाता है, क्योंकि— 1
(अ) भारतीय संविधान संशोधनीय है। (ब) भारतीय संविधान गतिशील है।
(स) समयानुसार परिवर्तनशील है। (द) उपर्युक्त सभी ( )

11. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में किस प्रकार के न्याय की बात की गई है? 1
(अ) सामाजिक (ब) राजनीतिक
(स) आर्थिक (द) उपर्युक्त सभी ( )

12. 'हिन्द स्वराज' किसकी कृति है? 1
(अ) पं. जवाहरलाल नेहरू (ब) महात्मा गांधी
(स) स्वामी विवेकानन्द (द) डॉ. अम्बेडकर ( )

13. जन्मजात विशिष्टताओं और योग्यताओं का परिणाम होती है— 1
(अ) प्राकृतिक असमानता (ब) आर्थिक असमानता
(स) राजनीतिक समानता (द) सामाजिक असमानता ( )

14. "धर्मनिरपेक्षता का मतलब सभी धर्मों को राज्य द्वारा समान संरक्षण है।" यह विचार दिया— 1
(अ) सुभाष चन्द्र बोस (ब) पं. जवाहरलाल नेहरू
(स) महात्मा गांधी (द) डॉ. भीमराव अम्बेडकर ( )

15. निम्न में से कौनसा कारक भारत के राष्ट्रवाद के उदय में सहायक नहीं रहा है? 1
(अ) भारतीय प्रेस (ब) सामाजिक-धार्मिक आन्दोलन
(स) पश्चिमी शिक्षा (द) सामुदायिकता ( )

**रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए—** 10 × 1 = 10

16. नागरिकता एक राजनीतिक समुदाय की .............. और .............. सदस्यता है। 1
17. नारीवाद ................ के समान अधिकारों का पक्ष लेने वाला सिद्धान्त है। 1
18. 'द रिपब्लिक' पुस्तक के लेखक ............... हैं। 1
19. मत देने का अधिकार हमारा .............. अधिकार है। 1
20. ................ को जनसमुदाय के लिए 'अफीम की संज्ञा' दी गई है। 1
21. अन्तिम रूप से भारतीय संविधान पर .............. सदस्यों ने हस्ताक्षर कर इसे अंगीकृत व अधिनियमित किया। 1
22. स्वतंत्रता के सबसे महत्त्वपूर्ण अधिकारों में ................ है। 1
23. कार्यपालिका सरकार का वह अंग है जो ................ द्वारा स्वीकृत नीतियों और कानूनों को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। 1
24. गाँव और जिला स्तर के शासन को ................ कहते हैं। 1
25. भारतीय संविधान के अनुच्छेद ......... के अन्तर्गत भारतीय संविधान संशोधन प्रक्रिया वर्णित है। 1

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न— 15 × 1 = 15

26. संविधान किसे कहते हैं? 1
27. भारतीय संविधान के किस भाग में मौलिक अधिकारों का उल्लेख है? 1
28. 'फर्स्ट पास्ट द पोस्ट' सिस्टम प्रणाली का अर्थ क्या है? 1
29. कार्यपालिका का प्रमुख कार्य बताइये? 1
30. धन विधेयक संसद के किस सदन में पहले प्रस्तुत किया जाता है? 1
31. राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में मनोनीत सदस्यों की संख्या कितनी होती है? 1
32. भारत में न्यायिक सक्रियता का मुख्य साधन क्या है? 1
33. संघ सूची के किन्हीं चार विषयों का उल्लेख कीजिए। 1
34. पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को कितने प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है? 1
35. भारतीय संविधान के दर्शन के मुख्य तत्त्व कौन-कौन से हैं? 1
36. मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा कब की गई? 1
37. ग्राम सभा किसे कहते हैं? 1
38. "राजनीति ने हमें सर्प की कुण्डली की तरह जकड़ रखा है।" यह प्रसिद्ध कथन किस विचारक का है? https://www.rajasthanboard.com 1
39. अल्पसंख्यक से क्या अभिप्राय है? 1
40. कठोर संविधान किसे कहते हैं? 1

लघूत्तरात्मक प्रश्न— 15 × 2 = 30

41. संविधान की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए। 2
42. भारत में चुनाव प्रक्रिया सुधार हेतु कोई दो सुझाव दीजिए। 2
43. संसदीय कार्यपालिका और अध्याक्षात्मक कार्यपालिका में कोई दो अन्तर बताइये। 2
44. दलबदल किसे कहते हैं? 2
45. संसद कार्यपालिका को किन-किन माध्यम से नियन्त्रित करती है? 2
46. स्थानीय शासन से क्या अभिप्राय है? इसकी आवश्यकता के सम्बन्ध में कोई एक तर्क दीजिए। 2
47. सार्वभौम मताधिकार से आपका क्या अभिप्राय है? 2
48. "राजनीतिक सिद्धान्त का अध्ययन हमारे लिए आवश्यक है।" इसके पक्ष में दो तर्क दीजिए। 2
49. गांधी के अनुसार 'स्वराज' क्या है? स्पष्ट कीजिए। 2
50. सरकार द्वारा समानता को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या प्रयास किये जा सकते हैं? 2
51. सामाजिक न्याय से क्या अभिप्राय है? 2
52. नागरिकता से क्या अभिप्राय है? 2
53. धर्मनिरपेक्षता के दो रूप कौन-से हैं? 2
54. मानवाधिकार से क्या आशय है? 2



www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

55. 'एक संस्कृति एक राज्य' की माँग का क्या आशय है? 2

**दीर्घ लघूत्तरात्मक प्रश्न—** $4 \times 3 = 12$

56. "मौलिक अधिकार अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं।" स्पष्ट कीजिए। 3

57. "भारतीय संविधान एक जीवन्त दस्तावेज है" कैसे? स्पष्ट कीजिए। 3

58. "विशेष जरूरत का विशेष ख्याल" सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए। 3

59. लोकतान्त्रिक देशों में कौन-कौन से राजनीतिक अधिकार नागरिकों को प्रदान किये गये हैं? 3

**निबंधात्मक प्रश्न—**

60. धर्मनिरपेक्ष राज्य से आप क्या समझते हैं? धर्मनिरपेक्ष राज्य की स्थापना की अनिवार्य शर्तें क्या हैं? 6

अथवा

राष्ट्रवाद से आप क्या समझते हैं? राष्ट्रवाद के सम्बन्ध में रविन्द्रनाथ टैगोर के द्वारा प्रस्तुत समालोचना पर प्रकाश डालिए। 6

61. अधिकार से क्या अभिप्राय है? अधिकारों के प्रमुख प्रकारों का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

राजनीतिक सिद्धान्त के अध्ययन का औचित्य सिद्ध कीजिए। 6

62. न्यायपालिका से आप क्या समझते हैं? सर्वोच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार का विस्तार से वर्णन कीजिए। 6

अथवा

संविधान संशोधन से क्या अभिप्राय है? संशोधन प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन कीजिए। 6

❑❑❑

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner